# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## अयोध्या

(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध)

**visit us : www.kssaketpgcollege.ac.in**  **Admission Portal : www.onlinemyselection.com**

ज्ञान का केन्द्र, कला का धाम, जहाँ कण–कण में बसते राम

नैक से **B++** श्रेणी में पूर्व प्रत्यायित महाविद्यालय

स्थापित : 25 जुलाई, 1951

## ई–प्रवेश विवरणिका **2026 - 27**

## E-Admission Brochure 2026 - 27

## स्नातक / परास्नातक प्रवेश

## Undergraduate / Postgraduate Admission



**महाविद्यालय का निर्धारित वेश**

प्रत्येक छात्र/छात्रा को निर्धारित वेश पहन कर महाविद्यालय आना अनिवार्य होगा।

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा–निर्देश के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया अपनाई गयी है। यद्यपि विश्वविद्यालय दिशा निर्देशों के सारगर्भित एवं सरल प्रस्तुतिकरण में पूर्ण सावधानी एवं सतर्कता बरती गयी है, तथापि महाविद्यालय प्रवेश विवरणिका एवं यथास्थान प्रकाशित नियमों एवं पात्रता आदि में यदि कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय का दिशा–निर्देश ही अंतिम रूप से मान्य होगा।

बहुधा अभ्यर्थी नियमों/सूचनाओं की जानकारी न होने के कारण नियमों की अवहेलना करते हैं।
नियमों/सूचनाओं की अनभिज्ञता या अज्ञानता बचाव का वैध साधन नहीं है।

प्रवेश विवरणिका का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन कर लें।

विश्वविद्यालय : **www.rmlau.ac.in**

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अयोध्या



**संदेश**





आलोक बंसल
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

आनन्द कुमार सिंघल
मंत्री, प्रबन्ध समिति

साकेत महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक बेटे/बेटियों एवं अभिभावक,

श्री रामजन्मभूमि मंदिर के पार्श्व में अवस्थित सात दशक पुराने पूर्वांचल के विशालतम महाविद्यालय में आप सभी का स्वागत है। आपने स्नातक/स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए एक उत्कृष्ट स्तर की शिक्षण संस्था का चुनाव किया है। साकेत महाविद्यालय की ख्याति राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय के रूप में है। महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति में अयोध्या जनपद के सुहृदय उद्यमी, व्यवसायी एवं राजपरिवार के समाजसेवी सदस्य हैं, जो महाविद्यालय के सतत् विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, जिनके दिशा–निर्देशन में महाविद्यालय निरन्तर विकास कर रहा है। प्रबन्ध समिति का निरन्तर प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को उत्कृष्ट स्तर की नवीनतम अवस्थापना सुविधायें, सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, क्रीडांगन, जिम्नेजियम उपलब्ध करायी जायें। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, सिविल अधिकारी, प्रोफेसर, खिलाड़ी, सांस्कृतिक कलाकार के रूप में कैरियर बनाकर समाजसेवा एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान दे रहे हैं।

आप से भी यही अपेक्षा है कि पाठ्यक्रम अवधि के दौरान महाविद्यालय में व्यतीत किये जाने वाले समय का सदुपयोग कर अपने कैरियर को संवारें तथा पुरातन छात्रों की परंपरा के वाहक बनें।

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में एक नयी अकादमिक दुनिया में आपका स्वागत है। स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाओं एवं आशीर्वाद सहित।

(आलोक बंसल)
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

(आनन्द कुमार सिंघल)
मंत्री, प्रबन्ध समिति

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अयोध्या





संदेश

का0सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या उच्च शिक्षा के लिए समर्पित पूर्वांचल का सर्वाधिक प्रतिष्ठित और विशालतम् शिक्षण–संस्थान है। यह शिक्षण–संस्थान कला, विज्ञान, वाणिज्य संकायों के लगभग सभी प्रमुख पारम्परिक विषयों तथा शिक्षण–प्रशिक्षण (बी0एड0), विधि (एल0एल0बी0) और बी0सी0ए0 जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है। इस महाविद्यालय में 28 विषयों में स्नातक एवं 21 विषयों में परास्नातक कक्षाएं संचालित होने के साथ 15 विषयों में अनुसंधान की अत्याधुनिक सुविधायें भी उपलब्ध हैं।

एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर शिक्षा पद्धति की वार्षिक प्रणाली सेमेस्टर प्रणाली में परिवर्तित हो चुकी है। सेमेस्टर प्रणाली में स्नातक छात्र/छात्राओं को तीन मेजर, एक माइनर, एक वोकेशनल एवं क्यूरिकलर विषय का अध्ययन करना होता है। महाविद्यालय में 15 वोकेशनल कोर्स संचालित हो रहे हैं। अत्यन्त हर्ष एवं गौरव का विषय है कि इस वर्ष महाविद्यालय के 100 से अधिक पुरातन छात्र/छात्राओं का विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य सेवाओं में चयन हुआ है, जिसका श्रेय हमारे स्तरीय प्रतिभा सम्पन्न शिक्षकों, कर्त्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों और अनुशासित एवं अपने अध्ययन के प्रति जागरूक विद्यार्थियों को जाता है।

महाविद्यालय का ध्येय वाक्य ''प्रियं सर्वस्य पश्यत'' में हमारी पूर्ण आस्था है और इसे व्यवहार रूप में पालन करने का हम सभी हर सम्भव प्रयास करते हैं। हमारा पूर्ण विश्वास है कि इस आदर्श वाक्य के भाव को आधार बनाकर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी अपने–अपने कर्त्तव्यों का पालन करते रहें, तो सभी के अधिकारों की पूर्ति स्वतः हो जायेगी और महाविद्यालय उन्नति के शिखर पर स्पर्श करेगा।

हम सभी छात्रों/छात्राओं से यह अपेक्षा करते हैं कि सत्र 2026–27 में अपने अध्ययन–काल के दौरान महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बनाने में आप अपना योगदान देंगे और योग्य प्राध्यापकों के निर्देशन में अपने ज्ञान में वृद्धि के साथ अपने व्यक्तित्व, आत्म–सम्मान और कुशलता में भी वृद्धि करेंगे तथा समाजोपयोगी शिक्षा ग्रहण करके महाविद्यालय और देश का सम्मान बढ़ाएँगे।

आप सभी साकेत महाविद्यालय के ब्रांड ऐंबेसडर बने, यही शुभेच्छा है।

प्रो0 (दानपति तिवारी)
प्राचार्य

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अयोध्या



## संदेश



प्रो0 अंजनी कुमार सिंह
प्रवेश संयोजक

प्रिय अभ्यर्थियों,

उच्च शिक्षा हेतु स्नातक/परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु शैक्षणिक–सत्र 2026–27 में साकेत महाविद्यालय में आवेदन का इच्छुक होने के लिए आप सभी को धन्यवाद।

आपकी सुविधा एवं प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता के लिए प्रवेश सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। इस वर्ष प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया को और अधिक छात्र–अनुकूल बनाने का प्रयत्न किया गया है। पंजीकरण एवं प्रवेश शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया को सरलतम बनाया गया है। हेल्पलाइन, ई–मेल के अतिरिक्त प्रवेश प्रक्रिया से सम्बद्ध शिक्षकों/कर्मचारियों के माध्यम से प्रवेशार्थियों की समस्याओं के त्वरित निदान का प्रयत्न किया जा रहा है।

आपको अवगत कराना है कि प्रवेश व काउन्सिलिंग सम्बन्धी अद्यतन जानकारियों के लिए यह अपेक्षा की जाती है कि आप नियमित अन्तराल पर वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे, जिससे आपको किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय में आने पर आपको हेल्पलाइन डेस्क से भी हरसम्भव सहायता प्राप्त हो सकेगी। आपको यह भी सचेत करना है कि किसी अनधिकृत व्यक्ति/साइबर कैफे से प्रवेश सम्बन्धी जानकारी और फीस के भुगतान में अत्यधिक सतर्कता बरतें।

आइये साकेत महाविद्यालय परिवार का सदस्य बनकर अपने आने वाले स्वर्णिम कल को उड़ान दीजिये।

उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक मंगलकामनाओं सहित।

प्रो0 (अंजनी कुमार सिंह)
प्रवेश संयोजक

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अयोध्या



## महाविद्यालय : एक विहंगावलोकन

| | | |
|---|---|---|
| स्थापना | : | 25 जुलाई, 1951 |
| प्राचार्य | : | प्रो0 दानपति तिवारी |
| संकाय | : | पांच (विज्ञान, कला, वाणिज्य, विधि एवं शिक्षण प्रशिक्षण) |
| शैक्षणिक विभाग | : | 28 (अनुदानित– 21, स्ववित्तपोषित– 7) |
| परास्नातक स्तर के विभाग | : | 21 |
| शोध की सुविधा | : | 15 विभागों में |
| परिसर क्षेत्रफल | : | 16 एकड़, वाई–फाई युक्त हरित परिसर |
| प्राध्यापक | : | 148 |
| छात्र/छात्रा | : | 15500 |

## इतिहास

मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में 25 जुलाई, 1951 के तत्कालीन अयोध्या नरेश श्री जगदम्बिका प्रताप नारायण सिंह के सत्प्रयासों एवं बाबा राघवदास, आचार्य नरेन्द्र देव तथा पण्डित परमेश्वर नाथ सप्रू की प्रेरणा से यह महाविद्यालय स्थापित हुआ, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के तत्कालीन शिक्षामंत्री डॉ0 सम्पूर्णानन्द द्वारा किया गया। 4 मार्च, 1975 से यह महाविद्यालय डॉ0 रा0म0लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध है। साकेत महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय का छात्र व अध्यापक–संख्या एवं परिसर की विशालता की दृष्टि से सबसे बड़ा अशासकीय महाविद्यालय है, जिसकी ख्याति राष्ट्रीय स्तर पर एक उत्कृष्ट शिक्षण–संस्थान की है। महाविद्यालय के विगत दीक्षान्त समारोहों में भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री राजनाथ सिंह, तत्कालीन माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह, श्री मुलायम सिंह यादव– तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश सिंह यादव, श्री टी0एन0 शेषन– तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त दीक्षान्त–भाषण दे चुके हैं। महाविद्यालय का संचालन श्री साकेत महाविद्यालय समिति द्वारा होता है।

## उद्देश्य

देश के एक अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में महाविद्यालय का उद्देश्य ज्ञान, विज्ञान एवं दर्शन की विभिन्न धाराओं में राष्ट्र के युवा मानव संसाधन को प्रवृत्त एवं निष्णात करना, नवाचार व कौशल की अधुनातन प्रविधियों में प्रशिक्षित करना और ज्ञान व भाषा की पारस्परिक अंतःसूत्रता को धारण करने की विलक्षण अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। इसका उद्देश्य, एक ऐसी युवा शक्ति का निर्माण करना भी है, जो भारतीय परम्परा, उसके सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक दृष्टि व उदात्तता के तत्वों को धारण करते हुए भारतीय संविधान द्वारा परिकल्पित समावेशी, बहुलतावादी, न्यायपूर्ण व समानतावादी समाज तथा 'रामराज्य' की स्थापना में विशिष्ट योगदान कर सके।

उच्च शिक्षा में कक्ष शिक्षण से अधिक स्वाध्याय पर निर्भर होना पड़ता है।



## 1. महत्वपूर्ण सूचनाएँ

1.1 प्रवेश संबंधी निर्देश विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश तथा नियमों के अनुसार हैं।

1.2 सत्र 2026–27 के आवेदक को इस प्रवेश विवरणिका को भलीभांति ध्यानपूर्वक पढ़कर समझ लेना चाहिए।

1.3 महाविद्यालय को इस प्रवेश विवरणिका को बिना किसी पूर्व सूचना के पुनरीक्षित, संशोधित, अद्यतन या इसके किसी अंश को विलोपित/परिवर्तित करने का अधिकार है। इस प्रकार के किसी परिवर्तन को वेबसाइट पर अद्यतन किया जायेगा।

1.4 प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश सम्बन्धी प्रामाणिक सूचनाओं के लिए महाविद्यालय वेबसाइट www.kssaketpgcollege.ac.in एवं प्रवेश पोर्टल www.onlinemyselection.com को नियमित देखते रहें। किसी भी प्रकार के अद्यतन परिवर्तन के लिए इस पोर्टल को नियमित देखते रहने का उत्तरदायित्व आवेदक का है।

1.5 इस विवरणिका में वर्णित समस्त नियमों एवं विधि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन तथा नए नियमों को प्रवर्तित करने का समस्त अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है।

1.6 B.A./B.Sc./B.Com/BCA प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए जो कि इण्टरमीडिएट कक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत की मेरिट के आधार पर (प्रवेश परीक्षा नहीं) है, महाविद्यालय की वेबसाइट kssaketpgcollege.ac.in पर जाकर प्रवेश पोर्टल onlinemyselection.com पर पंजीकरण कराना होगा।

1.7(क) M.A./M.Sc./M.Com प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए जो कि स्नातक कक्षा के तीनों वर्षों के कुल प्राप्तांक की मेरिट के आधार पर (प्रवेश परीक्षा नहीं है) है, महाविद्यालय की वेबसाइट kssaketpgcollege.ac.in पर जाकर प्रवेश पोर्टल onlinemyselection.com पर पंजीकरण कराना होगा।

1.7(ख) B.Ed प्रथम वर्ष में प्रवेश राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से महाविद्यालय के लिए आवंटित अभ्यर्थियों के अनुसार ही होगा।

1.7(ग) विधि प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश विश्वविद्यालय स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से महाविद्यालय के लिए आवंटित अभ्यर्थियों के अनुसार ही होगा।

1.8 सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विस्तृत सूचनायें, न्यूनतम अर्हता शर्तें (Elegibility Conditions) और प्रवेश प्रक्रिया इस प्रवेश विवरणिका में यथास्थान सरल और सारगर्भित रूप में दिये गये हैं।

1.9 यदि आप आरक्षण (reservation) का लाभ चाहते हैं, तो संबंधित प्रमाण–पत्र का विवरण ऑनलाइन आवेदन के साथ अवश्य दें। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात, दावे को छोड़ दिये जाने की परिस्थिति में, किसी भी अभ्यर्थी को आरक्षण या अधिभार (Weightage) के दावे (Claim) की अनुमति नहीं मिलेगी।

1.10 प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे महाविद्यालय प्रवेश वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

1.11 योग्यता सूची (Merit List) घोषित होने पर महाविद्यालय के वेबसाइट पर देखने के लिए उपलब्ध रहेगी। स्नातक में प्रवेश इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा एवं परास्नातक में प्रवेश स्नातक या समकक्ष के प्राप्तांक प्रतिशत (दशमलव के एक अंक तक पूर्णांकित) के आधार पर किए जायेंगे। यदि अभ्यर्थियों के इण्टरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत बराबर हैं तो ऐसी स्थिति में पहली वरीयता उस अभ्यर्थी को दी जायेगी, जिसने हाईस्कूल समकक्ष परीक्षा में उच्च प्रतिशत प्राप्त किया है। यदि हाईस्कूल में प्राप्त प्रतिशत भी बराबर है, तो ऐसी स्थिति में आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।



1.12 वे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति/अनसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) के हैं तथा उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा तथा अन्य प्रदेशों के अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थी सामान्य श्रेणी के माने जाएंगे।

1.13 आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश सरकार/डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के नियमों के अन्तर्गत दिया जायेगा।

1.14 जाति तथा आयु प्रमाण–पत्र सरकारी वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा।

1.15 रैगिंग जैसी कुत्सित घटना में सम्मिलित होने पर छात्र/छात्रा के विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## 2. प्रवेश नियम

2.1– डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा नियत निर्देशानुसार महाविद्यालय में प्रवेश और शिक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।

2.2– सभी विद्यार्थियों का प्रवेश औपबन्धिक है। यदि कभी भी पाया गया कि आप पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं, तो आपका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। अतः प्रवेशार्थी को सलाह दी जाती है कि पात्रता की समस्त शर्तों को आवेदन करने के पूर्व ही भली भांति जाँच लें।

2.3– महाविद्यालय बिना कोई कारण बताये किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश तर्कसंगत आधार पर अस्वीकृत करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है, चाहे वह प्रवेश के लिए चयनित ही क्यों न हुआ हो।

2.4– कोई भी अभ्यर्थी अपने अधिकार के रूप में प्रवेश की मांग नहीं कर सकता।

2.5– प्रवेश की पुष्टि के बाद किसी भी समय संज्ञान में आने पर किसी प्रार्थी ने असत्य या कूटरचित कथन दिया था अथवा उसकी ओर से प्रवेश प्राप्त करने के लिए किसी अनुचित या अमान्य प्रमाण–पत्रों का प्रयोग किया गया था, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

2.6– कोई भी छात्र किसी भी एक कक्षा में पाठ्यक्रम–अवधि तक ही संस्थागत छात्र के रूप में अध्ययन कर सकता है।

2.7– प्रत्येक कट ऑफ सूची के चयनित आवेदक यदि नियत तिथि तक प्रवेश नहीं लेते हैं, तो वे प्रवेश से वंचित कर दिये जायेंगे। प्रवेश पाने का उनका अधिकार समाप्त हो जायेगा।

2.8– इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय से स्थानान्तरण हेतु पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य के अनापत्ति एवं विश्वविद्यालय की अनुमति पर सीट उपलब्ध होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विवेकानुसार प्रवेश स्थानान्तरण स्वीकृत किया जा सकेगा। महाविद्यालय द्वारा नियत प्रवेश स्थानान्तरण शुल्क अभ्यर्थी को जमा करना होगा।

2.9– किसी भी दशा में विद्यार्थियों का किसी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नियमानुसार स्थानान्तरण अनुमन्य होगा।

2.10– परास्नातक (पूर्वार्द्ध) में प्रवेश हेतु वे अभ्यर्थी योग्य/अर्ह नहीं होंगे, जिन्होंने 10 + 2 + 3 पद्धति के अन्तर्गत स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की होगी।

2.11– प्रवेश के लिए प्रतिबंधित आवेदक–

- किसी शिक्षण संस्था में अनुचित साधन के प्रयोग में डिबार या किसी अनुशासनहीनता के आरोपित या इनके विरुद्ध अपराधिक वाद योजित।
- एक परास्नातक उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी को किसी अन्य विषय के परास्नातक कक्षा में प्रवेश तभी दिया जायेगा, जब केवल स्नातक उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों से सीट रिक्त बचेगी।

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अयोध्या



## 3. पंजीकरण शुल्क

3.1 सभी आवेदकों को प्रत्येक पाठ्यक्रम में आवेदन के लिए अलग–अलग □ 700/– पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

3.2 पंजीकरण शुल्क सभी आवेदकों को देना होगा। पंजीकरण शुल्क न तो वापस होगा और न ही पाठ्यक्रम शुल्क में यह समायोजित होगा।

3.3 पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व आवेदक को आवेदित पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित अर्हता को सुनिश्चित कर लेना चाहिए।

## 4. पंजीकरण शुल्क का भुगतान

4.1 ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध ऑनलाइन/भुगतान लिंक से ही किसी भी भुगतान विधि (Debit Card / Credit Card / UPI / Google Pay / Paytm / Phone Pe / Internet Banking) द्वारा पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

4.2 पंजीकरण शुल्क के भुगतानोपरान्त प्रवेश आवेदन–पत्र पूर्णतः भरने के बाद ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण मानी जायेगी।

4.3 एक से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकता है, लेकिन सभी पाठ्यक्रमों के लिए अलग–अलग पंजीकरण एवं आवेदन करना होगा।

## 5. प्रवेश प्रक्रिया सारांश

5.1 पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन

5.2 काउंसिलिंग के पश्चात् त्वरित प्रवेश।

5.3 अभिलेखों का सत्यापन एवं प्रवेश संस्तुति

5.4 ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रवेश संस्तुति होने के अगले दो दिन के अन्दर

5.5 महाविद्यालय शुल्क रसीद एवं परिचय–पत्र की प्राप्ति

## 6. ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया

6.1 महाविद्यालय की वेबसाइट www.kssaketpgcollege.ac.in पर प्रदर्शित प्रवेश वेबसाइट के लिंक onlinemyselection.com पर क्लिक करें। दूसरों से आवेदन–पत्र पूरित कराने से बचें, जिससे नाम, वर्तनी या अन्य कोई त्रुटि न हो। साइबर फ्राड के प्रति सतर्कता बरतें।

6.2 Brochure, Important Dates, Fee Structure मेन्यू में प्रदर्शित विवरण एवं सूचनाओं को अवश्य पढ़ कर समझ लें। अर्हता, विषयों की पात्रता, शुल्क आदि पंजीकरण एवं आवेदन करने से पूर्व भलीभांति समझ लें।

6.3 निर्देशों को पढ़कर उनका पालन करें। आवश्यक अभिलेखों को निर्धारित आकार में स्कैन कर लें।

6.4 New Registration पर क्लिक करें। वांछनीय सूचनाओं को पूरित कर निर्धारित पंजीकरण शुल्क जमा करें।

6.5 पंजीकरण उपरान्त प्रवेश आवेदन–पत्र पूरित कर पहले से ही स्कैन आवश्यक प्रपत्रों को अपलोड करें। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि अपना प्राप्तांक सही–सही भरें। कोई विसंगति किये जाने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा तथा इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।



6.6 प्रवेश आवेदन–पत्र में पूरित प्रविष्टियों की जाँच एवं मिलान के लिए रफ प्रिंट प्राप्त करें। यदि किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि हो तो 1 विकल्प को चयन कर आवश्यक सुधार कर लें। फाइनल प्रिंट प्राप्त करने के उपरान्त आवेदन–पत्र में कोई संशोधन अनुमन्य नहीं है।

6.7 प्रवेश संबंधी समस्त सूचनायें केवल महाविद्यालय वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जायेगी। यथासंभव समाचार–पत्रों में भी प्रकाशित किया जायेगा। प्रवेशार्थी को ई–मेल/एस0एम0एस0 द्वारा व्यक्तिगत सूचना नहीं दी जायेगी। सूचनाओं से अवगत होना प्रवेशार्थी का उत्तरदायित्व है। प्रवेशार्थी के सूचनाओं से अवगत न होने पर महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी नहीं है।

6.8 कट–ऑफ प्रकाशित होने के उपरान्त प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय वेबसाइट www.rmlau.ac.in से आवेदन कर Ram Manohar Lohia Unique Registration No. (RMLURN) प्राप्त करना होगा। सुगमता के लिए प्रवेश वेबसाइट पर भी मेनू में दांयी तरफ RMLURN के लिए लिंक उपलब्ध होगा।

6.9 नियत तिथि एवं समय पर सत्यापन एवं काउन्सिलिंग हेतु महाविद्यालय में प्रवेश समिति के समक्ष प्रवेश आवेदन–पत्र की फाइनल प्रिंट, हाई स्कूल–इण्टरमीडिएट, स्नातक अंक–पत्र की मूल/इण्टरनेट प्रति, आरक्षण व भारांक हेतु प्रमाण–पत्र की मूल प्रति, UIN की प्रति तथा एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। अवसर दिये जाने पर अभ्यर्थी के उपस्थित न होने की दशा में प्रवेश हेतु उसका दावा समाप्त हो जायेगा।

6.10 काउन्सिलिंग एवं अभिलेख सत्यापनोपरान्त अभ्यर्थी को लेखा अनुभाग से प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु ई–चालान जनरेट होगा, जिसके अनुसार ऑनलाइन प्रवेश शुल्क दो दिन के अन्दर जमा करना होगा। समयान्तर्गत शुल्क न जमा करने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।

6.11 नियमों, पाठ्यक्रमों/विषयों के अध्ययन हेतु पात्रता/अर्हता, प्रवेश शुल्क, आवश्यक सूचनाओं, अंतिम तिथि आदि से अभ्यर्थी की अनभिज्ञता या अज्ञानता प्रवेश का दावा नहीं होगी।

6.12 प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद प्रवेश सम्बन्धी किसी भी आपत्ति/ शिकायत/परिवेदना पर विचार नहीं किया जायेगा।

## 7. आवेदन हेतु आवश्यकतायें

- विद्यार्थी का अपना ई–मेल आई.डी.
- सक्रिय मोबाइल नं0

  1– ऑनलाइन पंजीकरण के समय आवेदक के पास मोबाइल नं0 होना चाहिए।

  2– प्रवेश सम्बन्धी कोई प्रासंगिक जानकारी मोबाइल नं0 पर नहीं भेजी जायेगी। अतः वेबसाइट नियमित देखते रहें।
- स्कैन फोटो (JPEG 50 KB)
- स्कैन हस्ताक्षर (JPEG 50 KB)
- आधार कार्ड संख्या (अनिवार्य)
- हाईस्कूल अंक–पत्र की स्कैन प्रति (JPEG 200 KB)
- इण्टरमीडिएट अंक–पत्र की स्कैन प्रति (JPEG 200 KB)
- स्नातक तृतीय वर्ष के अंक–पत्र की स्कैन प्रति (JPEG 200 KB) परास्नातक अभ्यर्थी हेतु



- जाति प्रमाण–पत्र

  1– आरक्षण का लाभ लेने के लिए फार्म भरते समय OBC / SC/ ST आवेदकों को जाति प्रमाण–पत्र सं0 भरनी होगी। यह प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।

  2– समस्त प्रमाण–पत्र सरकारी वेबसाइट से प्रमाणित किये जायेंगे।
- क्षैतिज आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)
- भारांक सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)

## 8. संलग्नकों की सूची

प्रवेश के लिए चयनित आवेदकों को निम्नलिखित अभिलेखों की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति, प्रवेश आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर प्रवेश के समय लाना होगा।

1– हाईस्कूल अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति
2– हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति
3– इण्टरमीडिएट अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति
4– इण्टरमीडिएट प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति
5– स्नातक 3 वर्षो/6 सेमेस्टरों के अंकपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति
6– उर्ध्व/क्षैतिज आरक्षण हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र
7– भारांक हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र
8– अंतिम संस्था का चरित्र प्रमाण–पत्र
9– स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (TC) मूल प्रति

## 9. समस्त आवेदक

प्रवेश के समय योग्यताप्रदायी परीक्षा सहित पूर्व की हाईस्कूल तक उत्तीर्ण सभी परीक्षाओं के मूल अंक–पत्र, टी.सी., जाति *, आय *, भारांक *, क्षैतिज आरक्षण * हेतु प्रमाण–पत्र की मूल प्रति होना अनिवार्य है। (* जिनपर लागू हो)

## 10. आरक्षण

10.1 उर्ध्वाधर आरक्षण **(Vertical Reservation)** नीति

सभी आरक्षण राज्य सरकार की नीतियों और विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार दिए जायेंगे।

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग (EWS) | 10 प्रतिशत |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 27 प्रतिशत |
| अनुसूचित जाति (SC) | 21 प्रतिशत |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 02 प्रतिशत |

- उर्ध्व आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगा। अन्य प्रदेशों के इस वर्ग के आवेदक सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे।
- यदि ST आवेदक प्रवेश के लिए उपलब्ध नहीं है, तो उसके स्थान पर SC अर्ह अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।
- आरक्षित स्थान हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने के कारण स्थान रिक्त रह जाने पर प्रवेश के लिए अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरा जायेगा।

10.2 क्षैतिज आरक्षण **(Horizontal Reservation)**–

| | |
|---|---|
| दिव्यांग | 05 प्रतिशत |
| स्वतंत्रतासंग्राम सेनानी आश्रित * | 02 प्रतिशत |
| भूतपूर्व / कार्यरत सैनिक / पाल्य * | 02 प्रतिशत |
| कारगिल शहीद पाल्य * | 01 प्रतिशत |
| कश्मीरी विस्थापित | 05 प्रतिशत |
| कार्यरत शिक्षक या कर्मचारी पाल्य * (पुत्र / पुत्री, पति / पत्नी, पौत्र / पौत्री) (अवध विश्वविद्यालय या साकेत महाविद्यालय) | 03 प्रतिशत |

सक्षम अधिकारी (जिसकी सूची आगे दी गई है) द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र ऑन–लाइन पंजीकरण के समय अपलोड होने पर ही उपरोक्त के सम्बन्ध में विचार किया जायेगा।

## 11. भारांक (वेटेज)

11.1 स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रम के आवेदकों को निम्नवत् भारांक प्रदान किया जाता है–

| | |
|---|---|
| एन.सी.सी. | 03 प्रतिशत |
| स्काउट | 03 प्रतिशत |
| खिलाड़ी | 03 प्रतिशत |
| एन.एस.एस. | 03 प्रतिशत |

11.2 किसी आवेदक को उक्त में से एक से अधिक प्रकार का भारांक नहीं देय होगा।

11.3 भारांक आवेदक की अर्हताकारी परीक्षा, स्नातक हेतु इण्टरमीडिएट के प्रतिशत प्राप्तांक एवं परास्नातक हेतु स्नातक के प्रतिशत प्राप्तांक में जोड़ा जायेगा।

11.4 सक्षम अधिकारी (जिसकी सूची आगे दी गई है) द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र ऑन–लाइन पंजीकरण के साथ अपलोड होने पर ही उपरोक्त के सम्बन्ध में विचार किया जायेगा।

11.5 परास्नातक हेतु साकेत महाविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों को भी 7 प्रतिशत भारांक प्रदान किया जायेगा। यह भारांक उपरोक्त भारांक के अतिरिक्त देय होगा।

11.6 भारांक सम्बन्धी कोई दावा आवेदन–पत्र सबमिट करने के बाद किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा।

## 12. प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु सक्षम अधिकारी

1– **OBC :** जाति प्रमाण–पत्र वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा।

2– **SC / ST :** DM / ADM / SDM / तहसीलदार द्वारा जारी (आरक्षण प्रमाण–पत्र वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा)

3– आय प्रमाण–पत्र (छः माह के अन्दर का) वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा।

4– दिव्यांग : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

5– स्वतंत्रता संग्राम सेनानी : जिलाधिकारी

6– भूतपूर्व या कार्यरत सैनिक : जिला सैनिक कल्याण अधिकारी



| | | |
|---|---|---|
| 7– | कारगिल शहीद पाल्य : | जिलाधिकारी |
| 8– | कश्मीरी विस्थापित : | जिलाधिकारी |
| 9– | अवध वि0वि0 के कार्यरत कर्मचारी या शिक्षक पाल्य : | कुल सचिव |
| 10– | साकेत महा0 के कार्यरत शिक्षक या कर्मचारी पाल्य : | प्राचार्य |
| 11– | **NCC :** | एन.सी.सी. अधिकारी |
| 12– | **Scout :** | स्काउट अधिकारी |
| 13– | **NSS :** | कुलपति |
| 14– | खिलाड़ी : | जिला क्रीड़ाधिकारी |

## 13. हेल्पडेस्क सूचना

सम्पूर्ण ऑनलाइन पंजीकरण सह आवेदन प्रक्रिया सम्बन्धी किसी सामान्य पूछताछ के लिए आवेदक पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक कार्यदिवसों में महाविद्यालय में निम्नलिखित से सम्पर्क कर सकता है।

| | |
|---|---|
| डॉ0 बी0के0 सिंह | मुख्य नियन्ता – नियन्ता कक्ष |
| डॉ0 रामलाल विश्वकर्मा | छात्र कल्याण अधिकारी–नियन्ता कक्ष |
| प्रो0 अंजनी कुमार सिंह | प्रवेश संयोजक – भूगोल विभाग |
| प्रो0 आशुतोष त्रिपाठी | उप–प्रवेश संयोजक |
| श्री राजेश कुमार मिश्र | प्रवेश सहायक – स्थापना अनुभाग |
| श्री राम बहादुर | प्रवेश सहायक – ई.डी.पी. अनुभाग |
| श्री सुशान्त कुमार यादव | प्रवेश सहायक – ई.डी.पी. अनुभाग |
| श्री स्तुति अग्रवाल | प्रवेश सहायक – लेखा अनुभाग |
| श्री आदर्श कुमार | प्रवेश सहायक – लेखा अनुभाग |

अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दिया जाता है कि प्रवेश सम्बन्धी किसी भी पूछताछ के लिए उपरोक्त अधिकृत शिक्षकों/कर्मचारियों से ही व्यक्तिगत सम्पर्क करें। अनधिकृत व्यक्ति/साइबर कैफे से पूछताछ के उपरान्त प्रवेश से वंचित होने पर अन्य किसी कठिनाई के लिए महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी नहीं है तथा सम्पूर्ण उत्तरदायी अभ्यर्थी स्वयं होगा।

प्रवेश कार्यालय :– भूगोल विभाग
का0सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या
मो0 नं0 9454213203, ईमेल– **saketcollege51@gmail.com**

## 14. उपलब्ध पाठ्यक्रम

14.1 NEP-2020 के अन्तर्गत स्नातक B.A., B.Sc. (Maths), B.Sc. (Bio), B.Com सेमेस्टर प्रणाली प्रथम सेमेस्टर में अभ्यर्थी को दो मेजर विषय, एक माइनर विषय, एक वोकेशनल कोर्स तथा अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रम के रूप में खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता (Food, Nutrition and Hygiene) का अध्ययन करना होगा।

14.2 SF = निम्नांकित स्ववित्तपोषित विषयों में से किसी एक या अधिक विषयों का चयन करने पर □ 3,500/– का अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

स्ववित्तपोषित विषयों की सूची–(1) दर्शनशास्त्र (2) शिक्षा शास्त्र (प्रायोगिक)
(3) मध्यकालीन इतिहास (4) गृहविज्ञान (प्रायोगिक) (5) फाइन आर्ट (प्रायोगिक)
(6) संगीत (प्रायोगिक) (7) लोक प्रशासन

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अयोध्या



### 15. पात्रता, पाठ्यक्रम अवधि

| S.N. | Course (with degree) | Seats | Duration | Eligibility 36% Marks |
|---|---|---|---|---|
| 1- | B.Sc.-Math | 540 | 3 Year (6 Sem.) | Intermediate with Mathmetics |
| 2- | B.Sc. (Bio) | 540 | 3 Year (6 Sem.) | Intermediate with Biology |
| 3- | B.Com | 600 | 3 Year (6 Sem.) | Intermediate with Commerce or Economics or High School with Mathmatics |
| 4- | B.A. | 2400 # | 3 Year (6 Sem.) | Intermediate |

* सीटों की संख्या विश्वविद्यालय नियमों से परिवर्तनीय–
* Changeable by U.P. Government/University
\# 840 out of 2400 Seats, with one self finance subject mandatory.

**यदि स्ववित्तपोषित विषय लिया जायेगा, तो उपरोक्त प्रदर्शित शुल्क में रू0 3,500/– मेजर एवं रू0 1,750/– माइनर में अतिरिक्त शुल्क देय होगा।**

**स्नातक स्तर पर कला संकाय/विज्ञान संकाय/वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत संचालित विषयों तथा परास्नातक स्तर पर विषय आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की पात्रता निम्नवत् निर्धारित की जायेगी–**

| प्रवेश का संकाय | प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की पात्रता | |
|---|---|---|
| | विषय वर्ग | पात्रता |
| विज्ञान संकाय (स्नातक) | इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण |
| कला संकाय (स्नातक) | इण्टरमीडिएट कला वर्ग या विज्ञान वर्ग या वाणिज्य वर्ग कृषि वर्ग या व्यवसायिक वर्ग | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण |
| वाणिज्य संकाय (स्नातक) | इण्टरमीडिएट वाणिज्य वर्ग या कला वर्ग या | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण |
| एम0ए0 | बी0ए0 तृतीय वर्ष के विषय (स्नातक) के विषय | बी0ए0 (स्नातक) उत्तीर्ण |
| एम0एस–सी0 | बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष के विषय | बी0एस–सी0 उत्तीर्ण |
| एम0कॉम0 | बी0कॉम0 | बी0कॉम0 उत्तीर्ण |

**कला संकाय–**

विश्वविद्यालय स्तर पर संचालित कला संकाय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर चयन हेतु उपलब्ध विषय निम्नांकित तालिका में सूचीबद्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप तथा विश्वविद्यालयीय व्यवस्था के दृष्टिगत स्नातक प्रथम सेमेस्टर में कला संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के समय निम्नांकित तालिका से 02 मेजर विषयों का चुनाव चयन–सम्बन्धी निर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाना होगा।



विषयों के चयन के लिए इन्हें 9 ग्रुपों में विभाजित किया गया है–

Group 1- Hindi / Urdu
Group 2- English / Sanskrit
Group 3- Political Science / Public Administration
Group 4- Psychology / Education
Group 5- Geography
Group 6- Ancient History / Medieval History / Mathmetics
Group 7- Sociology / Philosophy
Group 8- Economics / Physical Education / Fine Arts
Group 9- Home Science / Music / Defence Studies

## विषय– चयन सम्बन्धी निर्देश– कला संकाय

1– उपरोक्त दिये गये विषयों में से विद्यार्थी को 02 मेजर व 01 माइनर विषय का चयन करना है।

2– छात्र द्वारा किसी एक ग्रुप से एक ही विषय का चयन किया जा सकता है।

3– माइनर विषय की परीक्षा केवल प्रथम और तृतीय सेमेस्टर में ही देनी होगी।

**विज्ञान संकाय–**

विश्वविद्यालय स्तर पर संचालित विज्ञान संकाय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर चयन हेतु उपलब्ध विषयों को निम्नांकित तालिका में सूचीबद्ध किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप तथा विश्वविद्यालय व्यवस्था के दृष्टिगत स्नातक प्रथम सेमेस्टर में विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के समय निम्नलिखित तालिका से 02 मेजर व 01 माइनर विषय का चुनाव चयन–सम्बन्धी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाना होगा।

| **Group-1** | **Group-2** | **Group-3** | **Group-4** |
|---|---|---|---|
| Physics | Mathmetics | Chemistry | Defence & Stategic Studies |
| Botany | Zoology | Bio-Chemistry | |

## विषय चयन सम्बन्धी निर्देश– विज्ञान संकाय

1– प्रत्येक विषय के लिए Pre-requisite को Qualify करना होगा।

2– छात्र द्वारा किसी एक ग्रुप से एक ही विषय का चयन किया जा सकेगा।

3– प्रत्येक आवेदक को 02 मेजर और 01 माइनर विषय चुनना है।

4– माइनर विषय की परीक्षा केवल प्रथम और तृतीय सेमेस्टर में ही देनी होगी।

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अयोध्या



## 16. रोजगारपरक पाठ्यक्रम (वोकेशनल कोर्स)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP 2020) के अन्तर्गत विश्वविद्यालीय नियमानुसार स्नातक (बी0ए0 / बी0एस0–सी0 / बी0कॉम0) स्तर पर I, II, III. IV Sem. में एक वोकेशनल कोर्स का अध्ययन अनिवार्य है। महाविद्यालय में निम्नलिखित वोकेशनल कोर्स विभिन्न विभागों में संचालित हो रहे हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अपनी रुचि एवं आवश्यकता के अनुसार वोकेशनल कोर्स का चयन करें। वोकेशनल कोर्स का आवंटन छात्र / छात्रा की मेरिट के अनुसार प्रवेश के समय किया जायेगा। वोकेशनल कोर्स का शुल्क प्रति सेमेस्टर रू0 250 /– निर्धारित है।

**बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर हेतु उपलब्ध वोकेशनल कोर्स की सूची**

| क्र0 | कोर्स का नाम | कोर्स कोड | संचालक विभाग/संस्था | कोर्स को–आर्डिनेटर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टेलरिंग एण्ड एम्ब्राइडरी | TE | गृहविज्ञान | डॉ0 रीता दुबे |
| 2 | न्यूट्रीशिन एण्ड डाइटीशियन | ND | गृहविज्ञान | डॉ0 रीता सिंह |
| 3 | योगा एण्ड फिटनेस | YF | शारीरिक शिक्षा | प्रो0 पूनम जोशी |
| 4 | कम्यूनिटी हेल्थ केयर | CHC | प्राणि विज्ञान | डॉ0 रीमा सोनकर |
| 5 | हास्पिटल एण्ड हेल्थ केयर मैनेजमेण्ट | HHCM | वनस्पति विज्ञान | डॉ0 अवधेश शुक्ल |
| 6 | टूरिज्म एण्ड टूर आपरेशन | TTO | प्राचीन इतिहास | डॉ0 ऋचा पाठक |
| 7 | इवेन्ट मैनेजमेण्ट | EM | गणित | डॉ0 सूरज कुमार |
| 8 | फैशन डिजाइनिंग | FD | गृह विज्ञान | डॉ0 सरोज शुक्ला |
| 9 | क्लीनिकल साइकोलॉजी | CP | मनोविज्ञान | डॉ0 संदीप वर्मा |

**बी0एस–सी0 (बायो) प्रथम सेमेस्टर हेतु उपलब्ध वोकेशनल कोर्स की सूची**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी0 कीपिंग | BK | प्राणि विज्ञान | डॉ0 कृष्ण मनोहर तिवारी |
| 2 | न्यूट्रीशन एण्ड डाइटीशियन | ND | गृहविज्ञान | डॉ0 रीता सिंह |
| 3 | हार्टीकल्चर एण्ड गार्डेन सुपरवाइजिंग | HGS | वनस्पति विज्ञान | डॉ0 सन्तोष कुमार |
| 4 | क्लीनिकल माइक्रोबायोलॉजी | CM | प्राणि विज्ञान | डॉ0 प्रशान्त कुमार |
| 5 | क्लीनिकल साइकोलोजी | CP | मनोविज्ञान | डॉ0 संदीप कुमार वर्मा |

**बी0एस–सी0 (मैथ) प्रथम सेमेस्टर हेतु उपलब्ध वोकेशनल कोर्स की सूची**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्फार्मेशन कम्यूनिकेशन टेक्नॉलोजी | ICT | बी0सी0ए0 | डॉ0 अनामिका माथुर |
| 2 | इवेन्ट मैनेजमेण्ट | EM | गणित | डॉ0 सूरज कुमार |
| 3 | योगा एण्ड फिटनेस | YF | शारीरिक शिक्षा | पूनम जोशी |

**बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर हेतु उपलब्ध वोकेशनल कोर्स की सूची**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर एकाउण्टेन्सी | CA | वाणिज्य | डॉ0 शिप्रा सिंह |
| 2 | सेल्स एण्ड मार्केटिंग मैनेजमेण्ट | SMM | वाणिज्य | डॉ0 संदीप श्रीवास्तव |

**वोकेशनल कोर्स निदेशक : डॉ0 हरनाम सिंह लोधी**



## 17. परास्नातक पाठ्यक्रम

### Eligibility of Post Graduate Courses (2 Years, Semester System) Offered

**Under Aided Scheme** (वित्तपोषित)

| S.N. | Course | Seats | Preferential Eligibility 40% Marks in UG |
|---|---|---|---|
| 1 | M.Sc. (Botany) | 76 | B.Sc. With Botany in B.Sc. III |
| 2 | M.Sc. (Chemistry) | 100 | B.Sc. With Chemistry in B.Sc. III |
| 3 | M.Sc./M.A. (Mathematics) | 75 | B.Sc./B.A. With Mathmetics in B.Sc./B.A. III |
| 4 | M.A. (Psychology) | 50 | B.A. With Psychology in B.A. III |
| 5 | M.A. (Geography) | 100 | B.A. With Geography in B.A. III |
| 6 | M.A. (Hindi) | 75 | B.A. With Hindi in B.A. III |
| 7 | M.A. (English) | 75 | B.A. With English in B.A. III |
| 8 | M.A. (Sanskrit) | 75 | B.A. With Sanskrit in B.A. III |
| 9 | M.A. (Ancient History) | 75 | B.A. With Anc. History in B.A. III |
| 10 | M.A. (Political Science) | 75 | B.A. With Pol. Science in B.A. III |

**Under Self Finance Scheme** (स्ववित्तपोषित)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | M.Sc. (Physics) | 76 | B.Sc. With Physics in B.Sc. III |
| 12 | M.Sc. (Zoology) | 76 | B.Sc. With Zoology in B.Sc. III |
| 13 | M.A./M.Sc. (Defence Studies) | 50 | B.A./B.Sc. With Defence Studies in B.A./B.Sc. III |
| 14 | M.A. (Home Science) | 100 | B.A. With Home Science in B.A. III |
| 15 | M.A. (Music) | 50 | B.A. With Music in B.A. III |
| 16 | M.A. (Drawing) | 50 | B.A. With Drawing in B.A. III |
| 17 | M.A. (Economics) | 75 | B.A. With Economics in B.A. III |
| 18 | M.A. (Sociology) | 150 | B.A. With Sociology in B.A. III |
| 19 | M.A. (Education) | 75 | B.A. With Education in B.A. III |
| 20 | M.A. (Urdu) | 75 | B.A. With Urdu in B.A. III |
| 21 | M.Com. | 150 | B.Com. |

* Changeable by U.P. Government/University



## 18. वृत्तिपरक (प्रोफेशनल) पाठ्यक्रम

### Eligibility & Duration of Professional Courses Offered

| S.N. | Course | Seats | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCA | 60 | 3 Years | इण्टरमीडिएट गणित/कम्प्यूटर साइंस / कम्प्यूटर एप्लीकेशन / इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी / इंफार्मेशन प्रेक्टिस / कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी /आर्टिफीशियल इंटेलीजेन्स के साथ अर्हता वाले छात्रों का प्रवेश अनुमन्य |
| 2 | B.Ed. | 121 | 2 Years | प्रदेश स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउन्सिलिंग से महाविद्यालय के लिए आवंटित आवेदक को ही प्रवेश अनुमन्य। |
| 3 | LLB | 300 | 3 Years | प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश अनुमन्य। |

## 20. महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं को उपलब्ध सुविधायें

(छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि यथाआवश्यकता व यथारुचि इन सभी सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठायें)

1– विशाल पुस्तकालयः ख्यातिलब्ध लेखकों की मौलिक प्रामाणिक अनुसंधानपरक 01 लाख से भी अधिक पुस्तकों का विशाल संग्रह।

2– **N-List:** महाविद्यालय नेशनल लाइब्रेरी एवं इन्फारमेशन सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर फार स्कालरली कान्टेन्ट (N-List) योजना के अन्तर्गत रजिस्टर्ड है। इसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड प्रदान किया जा रहा है। इसमें विद्यार्थी लगभग 8000 पुस्तक एवं 5000 जर्नल्स को ऑनलाइन पढ़ सकते हैं।

3– वाचनालयः हिन्दी, अंग्रेजी की स्तरीय पत्र–पत्रिकाओं का संग्रह।

4– जिम्नेजियमः आधुनिक फिटनेस उपकरणों से सुसज्जित।

5– क्रीडांगनः 10 एकड़ का विस्तृत हरित मैदान।

6– एन.सी.सी.: आर्मी एवं नेवल विंग।



7— एन.एस.एस.: अनुशासन की भावना, समाजसेवा के प्रति उत्साह, शारीरिक परिश्रम में गौरव की भावना, राष्ट्रीय कार्यों में अनुराग उत्पन्न करने की दृष्टि से क्रियाशील।

8— रोवर्स एवं रेंजर्स:

9— सेन्ट जॉन एम्बुलेन्स ब्रिगेड: प्राथमिक चिकित्सा का त्वरित प्रशिक्षण देने हेतु।

10— कैरियर गाइडेन्स एण्ड प्लेसमेन्ट सेल: व्यवहारिक जीवन में सहायता प्रदान करने हेतु।

11— वार्षिक पत्रिका ''साकेत सुधा'': रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को प्रकाशित करने हेतु।

12— छात्रसंघ: ऊर्जस्वल एवं सृजनशील नेतृत्व पैदा करने हेतु।

13— सांस्कृतिक परिषद

14— छात्र/छात्राओं के लिए अलग–अलग सुसज्जित सामान्य कक्ष **(Common Room)**

15— छात्रा सहायता एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

16— उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

17— एलुमिनाई एसोसिएशन: पुरातन छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय से जोड़े रखने के उद्देश्य से।

18— इण्डियन बैंक की शाखा

19— स्टेट बैंक का ए0टी0एम0

20— प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग

21— लीगल एड क्लीनिक

## 21. छात्रवृत्तियाँ

निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ छात्र/छात्राओं को निर्धारित अर्हता पूरी करने पर प्रदान की जाती है–

(1) राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति
(2) अनुसूचित जाति/पिछड़े/अल्पसंख्यक वर्ग/सामान्य वर्ग हेतु छात्रवृत्ति
(3) विकलांग छात्रवृत्ति
(4) सैनिक छात्रवृत्ति
(5) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित छात्रवृत्ति
(6) उ0प्र0 कल्याण निधि छात्रवृत्ति
(7) निर्धन एवं मेधावी छात्रवृत्ति
(8) शिक्षा संहिता छात्रवृत्ति
(9) उर्दू अकादमी/संस्कृत अकादमी छात्रवृत्ति
(10) छात्र सहायता कोष– महाविद्यालय कोष से भी कुछ आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।



## 22. विशेष छात्रवृत्तियाँ

| | |
|---|---|
| 1– पं0 परमेश्वर नाथ सप्रू छात्रवृत्ति | : M.Sc. I रसायन के श्रेष्ठतम् छात्र/छात्रा हेतु। |
| 2– जवाहर लाल सप्रू छात्रवृत्ति | : B.A. के निर्धन छात्र/छात्रा हेतु |
| 3– प्राण किशोरी चाँद नारायण किचलू छात्रवृत्ति | : B.A. I के श्रेष्ठतम् छात्र हेतु |
| 4– श्रीमती त्रिभुवनरानी त्रिपाठी स्मृति छात्रवृत्ति | : M.A. I में अंग्रेजी व राजनीति के श्रेष्ठतम् छात्र/छात्रा हेतु |
| 5– कु0 निशी पाण्डेय स्मृति छात्रवृत्ति | : B.Sc. III प्राणि विज्ञान की श्रेष्ठतम् छात्रा हेतु |
| 6– कु0 प्रीति वर्मा स्मृति छात्रवृत्ति | : B.Ed. की मेधावी छात्रा हेतु |
| 7– पेप्सी पुरस्कार योजना | : B.Sc. III (Bio), M.Sc. II के श्रेष्ठतम् छात्र/छात्रा हेतु |
| 8– बीड़ी श्रमिक पाल्य शिक्षा अनुदान | : बीड़ी श्रमिकों के पाल्यों हेतु |
| 9– भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली छात्रवृत्ति | : खेल–कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्रा हेतु |
| 10– यू0जी0सी0 छात्रवृत्ति | : B.Com. के छात्र/छात्राओं हेतु |

## 23. परिचय–पत्र

23.1– अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त प्रवेश–समिति की संस्तुति के बाद लेखा विभाग द्वारा प्रवेश शुल्क ई–चालान जनरेट किया जायेगा, जिसके आधार पर ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने पर छात्र/छात्रा को प्रवेश शुल्क रसीद सह औपबंधिक (प्राविजनल) परिचय–पत्र प्राप्त होगा। बाद में परिचय–पत्र प्रशासनिक अनुभाग से छात्र/छात्राओं को प्रदान किया जायेगा। परिचय–पत्र बैंकों, सार्वजनिक कार्यालयों इत्यादि में विद्यार्थी के पद तथा अभिज्ञान के साक्षीकरण के लिए आवश्यक है। परिचय–पत्र महाविद्यालय परिसर में अपने पास रखना अनिवार्य है। इसके अभाव में महाविद्यालय में प्रवेश वर्जित है।

23.2– प्रत्येक छात्र/छात्रा को अपना परिचय–पत्र सदैव साथ रखना होगा, जो किसी भी प्राध्यापक या प्रॉक्टर द्वारा कभी भी मांगा जा सकता है।

23.3– परिचय–पत्र खो जाने पर □ 100/– तथा दो फोटो जमा करने पर दूसरा परिचय–पत्र प्राप्त किया जा सकेगा।

## 24. उपस्थिति

24.1– किसी विद्यार्थी को नियमित छात्र के रूप में विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

24.2– अभिभावकों से आशा की जाती है कि वे अपने पाल्यों की महाविद्यालय में उपस्थिति का ध्यान रखेंगे।

24.3– महाविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। (नोट– अस्वस्थता की स्थिति में उचित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर अधिकतम 10 प्रतिशत एवं विशेष परिस्थितियों में समुचित कारण बताने पर प्राचार्य द्वारा 5 प्रतिशत की छूट दी जा सकती है। किसी भी परिस्थिति में 60 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्रा को परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा)



## 25. सामान्य नियम

25.1– प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय परिसर में अनुशासित आचरण करना होगा। कक्षा में आना, शान्ति बनाये रखना प्रत्येक छात्र/छात्रा की प्राथमिकता होगी।

25.2– महाविद्यालय प्रत्येक छात्र/छात्रा से यह आशा करता है कि वह कक्षाओं के अन्दर व बाहर अपनी प्रत्येक अभिव्यक्ति में उच्चस्तरीय अनुशासन प्रदर्शित करेगा।

25.3– प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय का निर्धारित वेश पहन कर आना होगा।

25.4– निजी वाहन से विद्यालय आने वाले छात्र/छात्राओं को अपना वाहन महाविद्यालय वाहन स्टैण्ड पर रखना अनिवार्य है, इसके लिए उन्हें नियमानुसार वार्षिक शुल्क देना होगा। छात्र/छात्राओं को चाहिए कि वे केवल साइकिल से ही महाविद्यालय आयें।

25.5– महाविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने, लगातार अनुपस्थित रहने, शान्ति व्यवस्था भंग करने तथा अन्य अनियमितताओं में शामिल होने पर विद्यार्थी को महाविद्यालय से कभी भी निष्कासित किया जा सकता है।

## 26. अनुशासनिक नियम

26.1– अनुशासनिक कार्यवाही की समस्त शक्तियाँ महाविद्यालय प्राचार्य में निहित है, जिन्हें प्राचार्य द्वारा मुख्य नियन्ता को प्रदत्त किया गया है।

26.2– किसी के प्रति बिना किसी पूर्वाग्रह के निम्नलिखित प्रकार की गम्भीर अनुशासनहीनता के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही बाध्यकर होगी –

(क) किसी अस्त्र/शस्त्र को महाविद्यालय परिसर में लाना, प्रयोग करना या प्रयोग करने की धमकी देना।

(ख) यदि कोई विद्यार्थी अपने साथ बाह्य या असामाजिक तत्वों को लाता है।

(ग) एस.सी./एस.टी. छात्र/छात्राओं की गरिमा और सम्मान के विरुद्ध टिप्पणी करना

(घ) महिलाओं, छात्राओं के विरुद्ध असम्मानजनक व्यवहार करना।

(ङ) किसी भी प्रकार का घूस लेने या देने या भ्रष्टाचार का प्रयास करना, महाविद्यालय की सम्पत्ति को जानबूझ कर क्षति पहुँचाना।

(च) धार्मिक या साम्प्रदायिक आधार पर असहिष्णुता या विद्वेषपूर्ण वातावरण बनाना।

(छ) विश्वविद्यालय की परीक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा पहुँचाना।

(ज) महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था के सुचारु संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा पहुँचाना।

(झ) रैगिंग लेना।

(ञ) किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार जिससे प्राचार्य, मुख्य नियन्ता, छात्र कल्याण अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी के सम्मान को ठेस लगती हो।



## 27. दण्ड

यदि कोई छात्र/छात्रा उक्त का दोषी पाया जायेगा/जायेगी, तो प्राचार्य एवं मुख्य नियन्ता अपराध की प्रकृति और गुरुता के सापेक्ष उसे निम्न प्रकार का दण्ड दे सकते हैं–

1– चेतावनी
2– महाविद्यालयीय सुविधाओं से वंचन
3– अर्थदण्ड (अधिकतम सीमा □ 500/–)
4– महाविद्यालय से निलम्बन
5– निश्चित अवधि के लिए निस्सारण (रेस्ट्रीकेशन)
6– विश्वविद्यालय की सैद्धान्तिक/प्रायोगिक परीक्षा से एक या अधिक वर्षों के लिए प्रतिवारण (डिबार)
7– चरित्र प्रमाण–पत्र/टी0सी0 में प्रतिकूल प्रविष्टि
8– महाविद्यालय से निष्कासन

## 28. छात्रवृत्ति/प्रतिपूर्ति आवेदन

प्रवेश के उपरान्त शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए अर्ह (Eligible) अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं को माह सितम्बर में उत्तर प्रदेश सरकार की समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.scholarship.up.in पर जाकर छात्रवृत्ति पोर्टल से अपने एकल छात्रवृत्ति फार्म को भरना होगा।

## 29. विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म

समस्त प्रवेशित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय वेबसाइट www.rmlau.ac.in पर परीक्षा फार्म भरकर उसका प्रिन्ट महाविद्यालय के नियत काउण्टर पर निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य है अन्यथा छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित हो जायेगा। विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भरने का पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का है। छात्रहित में सलाह दी जाती है कि महाविद्यालय वेबसाइट्स को नियमित अन्तराल पर देखते रहें।

## 30. जनसूचना अधिकार

- जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु सम्पर्क सूत्रः डॉ0 अजय कुमार सिंह, जन सूचना अधिकारी (मो0: 9415982234)
- प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद प्रवेश सम्बन्धी किसी भी आपत्ति/शिकायत/परिवेदना पर विचार नहीं किया जायेगा।

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अयोध्या



HOD / DJ / C

## Teaching Staff : 2026-27

**Principal-** Prof. Danpati Tiwari

## Faculty of Science

**Physics Department**
Prof. O.P. Yadav **(HOD)**
Prof. V.K. Singh (On Leave)
Dr. Rajesh Verma
Dr. Gaurav Mishra
Mr. Anoop Kumar Pandey
Dr. S.N. Tiwari (SFS)

**Chemistry Department**
Prof. D.N. Singh
Prof. Ashutosh Singh **(HOD)**
Dr. Pratibha Singh
Dr. Akhilesh Singh
Mr. Arun Kumar
Mr. Avinash Tiwari
Mr. Somveer Singh
Dr. Puneta Srivastava
Dr. Ashutosh Tripathi

**Mathematics Department**
Prof. Shiv Kumar Tiwari **(HOD)**
Sri Suraj Prasad
Dr. Raj Kumar Gupta (SFS)
Mr. Ajeet Kumar Verma
Mr. Prashant Pandey
Mr. Ved Mani
Mr. Badri Vishal Singh
Ms. Komal Gupta

**Botany Department**
Prof. F.D. Yadav **(HOD)**
Dr. Vinay Kumar Singh
Dr. Manish Kumar Singh
Sri Yogendra Kumar Singh
Dr. Awadhesh Kumar Shukla
Sri Santosh Kumra
Sri Prabhat Kumar Srivastava
Dr. Vipin Kumar Singh
Dr. Mrinalini

**Computer Application Dept. (SFS)**
Dr. Indu Pratap Mishra **(HOD)**
Dr. Anamika Mathur
Dr. Narendra Kumar
Dr. Amit Mishra
Dr. Vivek Pratap Singh

**Zoology Department**
Dr. Brajesh Kumar Singh **(HOD)**
Mr. Prashant Kumar
Mr. Mahendra Singh
Mr. Krishna Manohar Tiwari
Dr. Harnam Singh Lodhi
Dr. Reema Sonkar
Dr. Nagendra Pratap Singh (SFS)
Dr. Avanish Kr. Srivastava (SFS)
Mr. Ramendra Kumar Dwivedi (SFS)

## Faculty of Arts

**Hindi Department**
Prof. Anurag Mishra **(HOD)**
Prof. Paresh Kumar Pandey (On Leave)
Prof. Anil Kr. Singh
Prof. Pawan Kr. Singh
Dr. Santosh Kr. Saroj
Dr. Chhaya Singh
Dr. Aparna Mishra (On Leave)
Dr. Alok Kumar Singh
Mr. Krishna Kumar Pal
Mr. Dinesh Kumar
Dr. Nand Ram

**English Department**
Dr. Aseem Tripathi **(HOD)**
Dr. Janmejay Kr. Tiwari
Dr. Vishnu Kumar
Dr. Om Srivastava
Dr. Neeta Pandey

**Sanskrit Deparment**
Prof. Abhishek Dutt Tiwari **(HOD)**
Mr. Ravi Kr. Chaurasiya
Dr. Akhilesh Kumar
Mr. Ram Lal Vishwakarma
Dr. Amit Kr. Tiwari

**Political Science Deparment**
Prof. Vandana Jaiswal **(HOD)**
Dr. Sadguru Pushpam
Dr. Samrendra Bahadur Singh
Dr. Kumud Ranjan
Dr. Vipin Kumar Singh

**Public Administration (SFS)**
Dr. Dharmendra Kumar Singh

**Ancient History Deparment**
Prof. Upma Verma **(HOD)**
Prof. Kavita Singh
Dr. Anju
Dr. Ramesh Pratap Singh
Dr. Richa Pathak

**Economics Deparment**
Dr. Mukesh Kr. Pandey **(HOD)**
Mr. Umakant
Dr. Deepak Singh (SFS)
Dr. Parth Sarthi Pandey (SFS)

**Geography Deparment**
Prof. Anjani Kumar Singh (HOD)
Dr. Sarla Shukla
Sri Vijay Singh Rathaur
Dr. Sant Lal
Dr. Ved Prakash Vedi
Dr. Anupama Singh
Dr. Anil Tiwari

**Psychology Deparment**
Prof. Pranay Kr. Tripathi **(HOD)**
Sri Sandeep Kumar Verma
Sri Bal Govind
Dr. Nidhi Mishra
Dr. Sudhir Kr. Rai
Dr. Dheeraj Kumar
Mr. Sonu
Mr. Rajat Tiwari

**Defence Studies Deparment**
Prof. N.D. Pandey
Dr. Jagdish Prasad Verma **(HOD)**
Dr. Ashish Vikram Singh
Mr. Lavlesh Mishra
Mr. Brijesh Kumar
Dr. Kanak Bihari Pathak (SFS)
Dr. Ajay Mishra (SFS)

**Urdu Deparment**
Mr. Umapati **(HOD)**
Dr. A.M. Muzaffar (SFS)
Dr. Bushra Khatoon (SFS)

**Physical Education Dept. (SFS)**
Dr. Poonam Joshi **(HOD)**
Prof. Ashish Pratap Singh

**Home Science Department (SFS)**
Dr. Shashi Singh **(HOD)**
Dr. Saroj Shukla
Mrs. Rita Singh
Mrs. Rita Dubey

**Drawing Department (SFS)**
Mr. Ambrish Kr. Srivastava **(HOD)**

**Music Department (SFS)**
Dr. Surabhi Pal **(HOD)**
Mr. Sumadhur

**Medieval History Department (SFS)**
Dr. Ravindra Bahadur Singh

**Philosophy Department (SFS)**
Dr. Ambuj Shukla

**Sociology Deparment**
Prof. Manoj Chhapadia **(HOD)**
Prof. Satya Prakash Gupta
Prof. Amulya Kumar Singh
Dr. Surendra Kr. Jaiswal (SFS)

**Education Department (SFS)**
Dr. Pratibha Singh **(HOD)**
Dr. Jitendra Kumar Pandey
Dr. Neetu Tiwari

**(SFS : Under Self Finance Scheme)**

## Faculty of Education

Prof. Shikha Verma **(HOD)**
Prof. Rachna Sinha
Prof. Anshu Tripathi
Dr. Neelam

## Faculty of Law

Prof. Ashok Kumar Rai **(HOD)**
Dr. Ajay Kumar Singh
Sri Shashi Kumar

## Faculty of Commerce

Prof. Ashok Kr. Mishra **(HOD)**
Dr. Sandeep Srivastava (SFS)
Dr. Shipra Singh (SFS)
Dr. Devendra Kr. Srivastava (SFS)
Dr. Piyush Kr. Srivastava (SFS)
Dr. Mohd. Arshad Khan (SFS)

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अयोध्या



## महाविद्यालय का शैक्षणिक प्रशासन (2026–27)

| | | |
|---|---|---|
| प्राचार्य | : | प्रो0 दानपति तिवारी |
| मुख्य नियन्ता | : | डॉ0 बी0के0 सिंह |
| छात्र कल्याण अधिकारी | : | डॉ0 रामलाल विश्वकर्मा |
| समन्वयक IQAC | : | प्रो0 अनुराग मिश्र |
| यू0जी0सी0 प्रकोष्ठ प्रभारी | : | प्रो0 ओ0पी0 यादव |
| परीक्षा प्रभारी | : | प्रो0 आशुतोष त्रिपाठी |
| प्रवेश संयोजक | : | प्रो0 अंजनी कुमार सिंह |
| उप–प्रवेश संयोजक | : | प्रो0 आशुतोष त्रिपाठी |
| सह–प्रवेश संयोजक | : | डॉ0 रामलाल विश्वकर्मा |
| पुस्तकालय समिति अध्यक्ष/संयोजक | : | डॉ0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय |
| निदेशक, प्रोफेशनल एवं वोकेशनल पाठ्यक्रम | : | डॉ0 हरनाम सिंह लोधी |
| अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ अधिकारी | : | प्रो0 अंजनी कुमार सिंह |
| समन्वयक, UP RTOU | : | प्रो0 अभिषेक त्रिपाठी |
| उद्योग अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ | : | डॉ0 वेद प्रकाश वेदी |
| भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ प्रभारी | : | प्रो0 उमापति |
| ऑनलाइन शिक्षा एवं एल0एम0एस0 प्रकोष्ठ | : | प्रो0 अनुराग मिश्रा |
| जेण्डर सेंसटाइजिंग कमेटी अगेन्स्ट सेक्सुअल हैरशमेन्ट (GSCASH) | : | प्रो0 उपमा वर्मा |
| पुरातन छात्र समिति | : | प्रो0 अनुराग मिश्र |
| विधिक जागरूकता समिति | : | प्रो0 अशोक कुमार राय |
| हरित परिसर समिति | : | डॉ0 संतोष कुमार |
| अध्यक्ष, सांस्कृतिक परिषद | : | डॉ0 असीम त्रिपाठी |
| सचिव, सांस्कृतिक परिषद | : | डॉ0 सुरभि पॉल |
| अध्यक्ष, क्रीडा परिषद | : | प्रो0 प्रणय कुमार त्रिपाठी |
| सचिव, क्रीडा परिषद | : | डॉ0 पूनम जोशी |
| मीडिया प्रभारी | : | प्रो0 आशुतोष त्रिपाठी |
| मीडिया सहप्रभारी | : | डॉ0 रामलाल विश्वकर्मा |
| जनसूचना अधिकारी | : | प्रो0 अजय कुमार सिंह |

# का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## अयोध्या



### ।। साकेत – गीत।।

ज्ञान का केन्द्र, कला का धाम,
जहाँ कण–कण में बसते राम,
भारती–मन्दिर ललित–ललाम
प्रकृति ने जिसे सँवारा है।
यही 'साकेत' हमारा है।

अयोध्या, सरयू–तट अभिराम,
माधुरीयुक्त अवध की शाम,
'कल्पना' राघवदास 'नरेन्द्र'
धरा पर स्वर्ग–सितारा है।
यही 'साकेत' हमारा है।

पुण्य का पाठ, स्नेह–सम्बन्ध,
कर्म के कुसुम, धर्म की गंध,
आर्य संस्कृति का उच्चादर्श
साधना का गुरुद्वारा है
यही 'साकेत' हमारा है।

त्याग–तप–मण्डित उर–अनुराग,
अमर अभिलाषा, विमल–विराग
दीप से दीप जले अविराम
लक्ष्य गुरु–गौरव, न्यारा है।
यही 'साकेत' हमारा है।